# मां ने नाबालिग बेटे और उसके साथियों से कराई थी ज्वैलर्स के यहां लाखों की चोरी, माल भी छिपाया

**खुलासा**

- एक आरोपी गिरफ्तार, मास्टर माइण्ड महिला भी हत्थे चढ़ी, दो नाबालिग निरुद्ध
- चोरी गया सोना-चांदी व बैट्रीचालित कटर बरामद

कासं/अजमेर

जिला पुलिस की स्पेशल टीम, साइबर सेल, सीओ नॉर्थ कार्यालय की विशेष टीम और कोतवाली थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नया बाजार स्थित सागर ज्वैलर्स के यहां 7 दिन पूर्व हुई करीब 35-40 लाख रुपए की चोरी का गुरुवार को पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने एक आरोपी सहित वारदात की मास्टर माइण्ड महिला को गिरफ्तार किया है। जबकि उनके दो नाबालिग साथियों को भी डिटेन किया है। आरोपितों पर 20 हजार रुपए का इनाम था। फिलहाल पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने मीडिया को बताया कि गिरफ्तार आरोपी सरकारी स्कूल के पीछे चढ़ाई पर कच्ची बस्ती, अजयनगर निवासी प्रकाश (18) पुत्र गोपीनाथ है। जबकि उसके दो अन्य नाबालिग साथियों को भी निरुद्ध किया गया है। उनसे भी मामले में गहनता से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों को पुलिस शुक्रवार को अदालत में पेश कर रिमाण्ड पर लेगी। वहीं पुलिस ने गुरुवार देर शाम वारदात की मास्टर माइण्ड महिला को भी गिरफ्तार कर लिया है।

वारदात का पर्दाफाश करने वाली टीम तथा गिरफ्तार आरोपी (गोले में)। -नवज्योति

### मां की गाइडेंस में चोरी, नानी भी कम नहीं

पुलिस सूत्रों के अनुसार पकड़े गए बदमाशों में एक बाल अपचारी की मां ही वारदात की मास्टर माइण्ड है। जिसने आरोपित सहित दोनों नाबालिग को भी चोरी करने का तरीका बताने के साथ ही उन्हें वारदात के बाद वहां से बैग में माल समेटकर पुलिस से बचकर निकलने का रास्ता भी बताया था। वह वारदात के समय मोबाइल पर गाइड करती रही थी। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि महिला की मां (आरोपित की नानी) भी शातिर है। उसके खिलाफ भी आपराधिक मामले में दर्ज हैं।

### आधा माल खुद ने रखा, आधा तीनों में बांटा

सूत्रों के अनुसार चोरी कर जब तीनों आरोपित घर लौटे तो शातिर महिला उनके इंतजार में घर पर जाग रही थी। उनके पहुंचते ही उसने उन्हें शरण दी। फिर वह उन्हें सांसी बस्ती के पीछे की ओर बनी पहाड़ी पर ले गई। जहां चोरी के माल में से आधा माल खुद ने अंदाजे से ले लिया। उसके बाद आधे माल के तीन बराबर हिस्से कर आरोपितों में बांट दिए। साथ ही उन्हें भी चोरी के माल को अलग-अलग स्थानों पर कुछ दिन छिपाकर रखने एवं बाद में बेचने को कहा। सूत्रों की मानी जाए तो महिला ने खुद ने चोरी का कुछ माल बाद में चुपके से अपनी ससुराल में भी जाकर छिपा दिया था।

### ऑनलाइन खरीदा था इलेक्ट्रिक कटर

पुलिस के अनुसार आरोपितों ने करीब एक महीना पहले 7 हजार रुपए में बैट्रीचालित इलेक्ट्रिक कटर मंगवाया था। जिसे चार्ज करने के बाद में कहीं भी ले जाकर उपयोग में लिया जा सकता है। उससे आसानी से ताला, शटर, खिड़की के सरिए आदि को काटा जा सकता है। वह आवाज भी कम करता है। इसलिए चोर ऐसे ही उपकरण का ज्यादा उपयोग करने लगे हैं। पुलिस ने उनसे वारदात में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद की है।

### शौक पूरे करने के लिए वारदात

एसपी जाट ने बताया कि तीनों आरोपियों ने मौज मस्ती व शौक पूरे करने के लिए वारदात अंजाम देना स्वीकार किया है। इससे पहले वह छोटी-छोटी वारदात करते रहे हैं। जिससे वह रिकॉर्ड में नहीं आ पाए। इस बार उन्होंने बढ़ा हाथ मारने की ठानी। प्रकाश ने नयाबाजार जाकर रैकी की तो उसे लगा कि सागर ज्वैलर्स पर वह आराम से वारदात कर सकते हैं।

### ये हुई थी वारदात

उल्लेखनीय है कि 14 व 15 दिसम्बर की देर रात नयाबाजार में सेन्टर गर्ल्स स्कूल निकट सागर ज्वैलर्स के यहां चोरों ने वारदात को अंजाम दिया था। इसके संचालक रामगंज निवासी सागर गुप्ता पुलिस को ताले कटे होने व 35-40 लाख रुपए कीमत के सोना-चांदी के गहने व मूर्तियां तथा 40 हजार रुपए की नगदी चोरी होने की रिपोर्ट दी थी। प्रारंभिक जांच में ही तीनों चोरों का फुटेज मिल गया था।

### दो सौ से ज्यादा कैमरों के फुटेज खंगाले

एसपी जाट ने बताया कि वारदात गंभीर थी।

एडिशनल एसपी महमूद खान, सीओ नॉर्थ भोपाल सिंह के निर्देशन में जिला पुलिस की स्पेशल टीम, साइबर सेल, सीओ नॉर्थ कार्यालय की विशेष टीम और कोतवाली थाना पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम ने 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किए। संदिग्ध लोगों की मोबाइल लोकेशन व उनकी चैट के संबंध में जानकारी जुटाई गई। उस दौरान स्पेशल टीम प्रभारी शंकर सिंह रावत व साइबर सैल के एएसआई रणवीर सिंह को चोरों के संबंध में सुराग हाथ लग गए। उसकी मदद से पुलिस टीम ने चोरी में शामिल एक बाल अपचारी व आरोपितों को गाइड करने वाली महिला को प्राइम सस्पेक्ट के रूप में चिह्नित किया। जिन्हें जब डिटेन कर पूछताछ की तो मामला खुल गया। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही से चोरी का लाखों रुपए माल बरामद कर लिया है।

### ये थे टीम में शामिल

आरोपियों को दबोचने वाली टीम में कोतवाली थानाप्रभारी विरेन्द्र सिंह, एएसआई भगवान सिंह, विष्णु प्रसाद, शिवलाल, कांस्टेबल करतार सिंह, चिरंजीलाल, सुनील कुमार, राजेन्द्र चौधरी, सोनवीर सिंह, बंशीलाल राजू ज्याणी, मोतीराम, ओमप्रकाश एवं सीओ कार्यालय की विशेष टीम के एएसआई सतपाल सिंह, हैड कांस्टेबल गोपाल गोरा, जोगेन्द्र सिंह व क्रिश्चियनगंज थाने के हैड कांस्टेबल किशोर, कांस्टेबल विशाल, मोहन और जिला स्पेशल टीम प्रभारी शंकर सिंह रावत, हैड कांस्टेबल सीताराम, कांस्टेबल मनोज सिंह, महिपाल सिंह, रामनिवास व साइबर सैल प्रभारी एएसआई रणवीर सिंह शामिल थे।

## 47 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के पद भरे

**राजस्व मण्डल ने जारी किए आदेश**

कासं/अजमेर।

राजस्व मण्डल ने राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देश पर राजस्थान में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (तहसीलदार/नायब तहसीलदार) के रिक्त 47 पदों को भरने के लिए गुरुवार को पदस्थापन आदेश जारी किए हैं।

मण्डल अध्यक्ष राजेश्वरसिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र में 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की फोटो युक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के महत्व को देखते हुए यह पद प्राथमिकता के आधार पर भरे गए हैं। इसमें से तहसीलदार नन्दलाल ढिढारिया, नरेन्द्र सोलंकी, संदीप कुमार, भगवतीलाल जैन, मनोज कुमार गांग, नरेन्द्र कुमार भाटिया, रतनलाल मीणा, ओमप्रकाश शर्मा, राधेश्याम राठौड़, दुर्गालाल, सुनील कुमार, डूंगरमल, ललित कुमार डिडवानिया, बाबूलाल मीणा, मंगलराम मीणा, इन्द्रराज गुर्जर, वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, रामकुमार पूनिया, दिनेश कुमार साहू, कुलदीप मीणा, मोहम्मद हनीफ, महेन्द्र सिंह, बाबूसिंह राजपुरोहित, भागीरथ सिंह को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नायब तहसीलदारों में गुलाब सिंह नोजल, चुन्नीलाल चौहान, मोहित अग्रवाल, हुकमचन्द मीणा, नरेन्द्र सिंह राजावत, ओमप्रकाश शर्मा, राजेन्द्र कुमार जाट, अशोक कुमार, पुरखाराम, पारसमल भील, कांतिचंद कोली, सूर्यप्रकाश गांछा, सुरेश चन्द देवत, राजेश किराड़, रणजीत सिंह दिनेश कुमार पारीक, सत्यनारायण शर्मा, भगवानदास मीणा, संजीव कुमार, शैतान सिंह मीणा, विष्णु कुमार माथुर, घमण्डी राम एवं भूराराम विश्नोई को लगाया गया हैं।

### पालरा में शिविर आज

अजमेर। स्थानीय रीको इकाई कार्यालय की ओर से शुक्रवार को पालरा इंडस्ट्रीयल एरिया क्षेत्र में भूखण्ड संख्या एसपी-76 गायत्री सेंड्स प्राइवेट लिमिटेड में सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक उद्यमियों के सुविधार्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा।


पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank | मण्डल शस्त्रा कार्यालय, जयपुर अजमेर

**शुद्धि-पत्र**

दिनांक 06.12.2023 को इस समाचार पत्र में प्रकाशित 'अचल सम्पत्ति की विक्रय सूचना' में ऋणियों की बंधक सम्पत्तियों की नीलामी दिनांक 23.12.2032 प्रस्तावित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से बदलकर अब नीलामी दिनांक 27.12.2023 कर दी है। अतः सूचित रहें।

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

DNJ-306019

OPEN FETE 23 Dec. 2023

Timing : 11:00am to 03:00pm

MUSIC DANCE | LUCKY DRAW 40 Prizes | GAME ZONE | HOUSIE | VARIOUS DELICIOUS SNACKS | HORSE RIDING | HIGH RIDES COLUMBUS SWINGS

The Turning Point Public School

Behind Petrol Pump, Vaishali Nagar, Ajmer

0145-2640506, 2641542, Mob. : 9352783513

DNA 306010



**बीएसएल लिमिटेड**

सीआईएन : L24302RJ1970PLC002266

**पंजीकृत कार्यालय:** 26, औद्योगिक क्षेत्र, गांधीनगर, भीलवाड़ा – 311001, (राजस्थान)

फोन: +91-482-245000

ईमेल: accounts@bslsuitings.com; वेबसाइट: www.bslltd.com

**डाक मतपत्र की सूचना**

सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 एवं धारा 110 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014, यथा समय यथा संशोधित, के नियम 20 एवं 22 ('नियम') के साथ पठित कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र ('एमसीए परिपत्र') संख्या 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल 2020, 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल 2020, 20/2021 दिनांकित 8 दिसम्बर 2021, 3/2022 दिनांकित 5 मई 2022, 11/2022 दिनांकित 28 दिसम्बर 2022 एवं 9/2023 दिनांकित 25 सितम्बर 2023 तथा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 ('सूचीबद्धता विनियम') के विनियमन 44, सामान्य बैठकों पर सेक्रेटेरियल स्टैण्डर्ड ('SS–2') एवं अधिनियमों, नियमों, नियमावलियों, परिपत्रों तथा अधिसूचनाओं के अंतर्गत जारी किए गए अन्य लागू प्रावधानों (तत्समय लागू एवं यथा समय यथा संशोधित किसी भी वैधानिक संशोधन अथवा उनके पुनः अधिनियमन सहित), कम्पनी ने बृहस्पतिवार, 21 दिसम्बर, 2023 को उन सदस्यों, जिन्होंने डिपॉजिटरी प्रतिभागी(ओं) या कम्पनी के साथ अपनी ई–मेल आईडी पंजीकृत की है, को एनएसडीएल द्वारा ई–मेल के माध्यम से, अधिनियम की धारा 102 के अनुपालन में व्याख्यात्मक विवरण सहित डाक मतपत्र की सूचना दिनांकित शुक्रवार, 1 दिसम्बर, 2023 को प्रेषित किया है।

कम्पनी के निदेशक मंडल ने डाक मतपत्र प्रक्रिया के निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालन हेतु सीएस मनोज माहेश्वरी (एफसीएसः 3355), संव्यावसायिक कम्पनी सचिव को संवीक्षक और उनके असमर्थ होने पर सीएस प्रियंका अग्रवाल (एफसीएस:11138) संव्यावसायिक कम्पनी सचिव को वैकल्पिक संवीक्षक के तौर पर नियुक्त किया है।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी सहमति या असहमति केवल ई–वोटिंग के माध्यम से प्रदान करें। कम्पनी ने शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट डालने में सक्षम बनाने हेतु ई–वोटिंग की सुविधा के लिए एनएसडीएल की सेवाएं ली हैं। ई–वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया डाक मतपत्र सूचना के नोट्स में दी गई है।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि ई–वोटिंग **शुक्रवार, 22 दिसम्बर, 2023 को प्रातः 9.00 बजे (आईएसटी)** आरम्भ होगी तथा **शनिवार, 20 जनवरी, 2024 को सायं 5.00 बजे (आईएसटी)** समाप्त होगी। एमसीए परिपत्रों के अनुरूप, डाक मतपत्र सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजा जा रहा है जिनके ईमेल पते कम्पनी/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। सदस्यों की सहमति या असहमति का संचार केवल ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से होगा। सदस्यों के मतदान अधिकार शुक्रवार, 15 दिसम्बर, 2023 के अनुसार संगणित किए जाएंगे जो 'कट–ऑफ तिथि' है। वह व्यक्ति जो 'कट–ऑफ तिथि' पर सदस्य नहीं है, उसे डाक मतपत्र सूचना को केवल जानकारी के उद्देश्य से व्यवहृत करना चाहिए। डाक मतपत्र सूचना की प्रति कम्पनी की वेबसाइट www.bslltd.com, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com क्रमशः पर उपलब्ध है। जिन सदस्यों को डाक मतपत्र सूचना प्राप्त नहीं हुआ है, वे इसे उपर्युक्त वेबसाइटों से डाउनलोड कर सकते हैं। भौतिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्य और जिन्होंने अपना ईमेल पता, बैंक विवरण एवं अन्य केवाईसी विवरण पंजीकृत/अद्यतन नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे हमारी वेबसाइट www.bslltd.com पर उपलब्ध फॉर्म आईएसआर–1 भरकर और सहायक दस्तावेजों के साथ हमारे आरटीए को भेजकर अपना विवरण पंजीकृत करें। डीमटेरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपने ई–मेल पते को अद्यतन/पंजीकृत करें। किसी भी प्रश्न के मामले में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों हेतु ई–वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल संदर्भित कर सकते हैं या 022– 4886 7000 एवं 022 – 2499 7000 पर कॉल कर सकते हैं या सुश्री पल्लवी म्हात्रे को evoting@ nsdl.com पर अनुरोध भेजें। ई–वोटिंग द्वारा संचालित डाक मतपत्र का परिणाम मंगलवार, 23 जनवरी, 2024 तक कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में घोषित किया जाएगा तथा कम्पनी की वेबसाइट www.bslltd.com पर उपलब्ध होगा।

**मंडल के आदेशानुसार**
**कृते बीएसएल लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**शुभम जैन**
**कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**
**एसीएस - 49973**

**स्थान : भीलवाड़ा**
**दिनांक : 21 दिसम्बर, 2023**

DNA 306014


# चम्पालाल महाराज को मुहैया कराएं सुरक्षा

**श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

**जान से मारने की मिल चुकी है धमकी**

चम्पालाल महाराज को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग लेकर गुरुवार को कलक्ट्रेट पहुंचे श्रद्धालु। -नवज्योति

कासं/अजमेर

श्री मसाणिया भैरव धाम, राजगढ़ के मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद श्रद्धालुओं में रोष बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को श्री मसाणिया भैरव भक्त मंडल, सर्वधर्म मैत्री संघ, विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने बड़ी संख्या में कलक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलक्टर के जरिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें महाराज की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मालूम हो कि 10 दिसम्बर को चम्पालाल महाराज को जाने से मारने की धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ था।

श्रद्धालुओं के अनुसार गुरुदेव गत 45 वर्षों से राष्ट्रहित में सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए विभिन्न अभियान चला रहे हैं। कई श्रद्धालुओं को अंधविश्वास व नशा मुक्त कराकर उनके परिवार का जीवन स्तर सुधारा है। यह बात समाज कंटकों, शराब के ठेकेदारों व भोपों-तांत्रिकों को रास नहीं आ रही है।

ज्ञापन के माध्यम से महाराज व पूरे परिवार के लिए चंदवरदाई स्थित उनके निवास स्थान तथा राजगढ़धाम में स्थाई सुरक्षा के आदेश जारी करने, निवास स्थान से मंदिर आने जाने में सशस्त्र गार्ड उपलब्ध कराने, प्रत्येक रविवार को श्रद्धालुओं की संख्या के मद्देनजर असामाजिक तत्वों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस जाप्ता बढ़ाने की मांग की है। इस मौके पर पूर्व उप महापौर सम्पत सांखला, सर्व मैत्री संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन, विहिप के एडवोकेट शशि प्रकाश इंदौरिया सहित राष्ट्रीय नाई महासभा, सैन समाज अजमेर, सैन समाज ग्रामीण मंडल सहित विभिन्न संगठनों के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# आरपीएससी की प्लेटिनम जुबली आज

कासं/अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की स्थापना को आज 75 वर्ष पूर्ण हो गए। गत 75 साल में आयोग ने 1337 परीक्षाएं आयोजित कराई। इन परीक्षाओं के लिए एक करोड़ 96 लाख, 75 हजार 598 युवाओं ने आवेदन किया। इनमें से 3 लाख 6 हजार 494 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। यानी औसतन 4087 अभ्यर्थी हर साल चयनित हुए। बीसवीं शताब्दी में राजपूताना की कुछ रियासतों ने लोक सेवाओं की भर्ती करने के लिए लोक सेवा आयोग की स्थापना की। सबसे पहले वर्ष 1939 में जोधपुर राज्य ने लोक सेवा आयोग की स्थापना की। इसके बाद वर्ष 1940 में जयपुर राज्य में, वर्ष 1946 में बीकानेर राज्य में राज्य लोक सेवा आयोग की स्थापना हुई। राजस्थान राज्य के गठन के दौरान जब रियासतों का एकीकरण हुआ, तब 16 अगस्त 1949 को एक अध्यादेश के अधीन राजस्थान लोक सेवा आयोग की स्थापना की। इस अध्यादेश का प्रकाशन राजस्थान के राजपत्र में 20 अगस्त 1949 को हुआ। इस अध्यादेश के बाद राज्य में कार्यरत अन्य लोक सेवा आयोग एवं लोक सेवा आयोग की तरह कार्यरत अन्य संस्थाएं बंद कर दी गई। आरपीएससी के 75वें स्थापना दिवस पर किसी तहर के कार्यक्रम को आयोजित करने को लेकर आयोग अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय और सचिव रामनिवास मेहता को कॉल किया लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।

### वरिष्ठ अध्यापक उर्दू विषय की मुख्य सूची जारी

**वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2022**

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए आयोजित वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2022 के उर्दू विषय के अंतर्गत सफल अभ्यर्थियों की मुख्य सूची जारी की है। जिसके तहत टीएसपी क्षेत्र के लिए 6 तथा नॉन टीएसपी क्षेत्र के लिए 94 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। आयोग सचिव के अनुसार माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए आयोजित वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2022 के उर्दू विषय के लिए विचारित सूची 18 सितम्बर 2023 को जारी की गई थी। उक्त विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउंसलिंग के माध्यम से करवाई गई। पात्रता जांच काउंसलिंग के बाद घोषित सफल अभ्यर्थियों की मुख्य सूची जारी की गई है। साथ ही आरक्षित सूची भी जारी की गई है।


कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

"मौसम के जोखिमों से हमारे मेहनती किसान भाई–बहनों के हितों को सुरक्षित करने में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इसका लाभ करोड़ों किसानों को मिल रहा है।"
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ

दावों का भुगतान सीधे किसान के बैंक खाते में | आधुनिक तकनीक से उपज का बेहतर अनुमान

7 वर्षों की मुख्य उपलब्धियां

55 करोड़ से अधिक किसान आवेदन प्राप्त | 16.06 करोड़ से अधिक किसान आवेदनों को फसल मुआवजा का वितरण | ₹1.50 लाख करोड़ से अधिक का बीमा दावा भुगतान

पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, 2023

नई सुविधा: बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से अपने घर बैठे ऐड ऐप द्वारा करें फसल बीमा

फसल बीमा से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए कृषि रक्षक हेल्पलाइन नंबर 14447 पर कॉल करें

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

बीमा भागीदार: AIC | Chola MS | Future Generali | HDFC ERGO | ICICI Lombard | Kshema | Oriental Insurance | Reliance General Insurance | SBI general | Universal Sompo General Insurance

अपनी फसलों को आज ही बीमित करने के लिए संपर्क करें: जनसेवा केंद्र | क्रॉप इंश्योरेंस ऐप https://play.google.com | पोस्ट ऑफिस | बैंक शाखा | @PMFBY | QR कोड स्कैन करें

DNA 306012